Seat No. : _______________

NJ-121

November-2025

B.A., Sem.-V

DSC-M-355 A : Hindi

(विशिष्ट साहित्यकार रामदरश मिश्र)

Time : 2:00 Hours] **[Max. Marks : 50**

1. रामदरश मिश्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

1. रामदरश मिश्र के रचनात्मक वैशिष्टय पर प्रकाश डालिए । **10**

2. 'औरत' कविता में व्यक्त नारी संवेदना को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए । **10**

अथवा

2. 'दवा की तलाश' कविता की समीक्षा कीजिए । **10**

3. 'माँ, सन्नाटा और बजता हुआ रेडियो' कहानी की कथावस्तु को अपने शब्दो में लिखिए । **10**

अथवा

3. कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'खाली घर' कहानी का मूल्यांकन कीजिए । **10**

4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (कोई **एक**) **10**

"मानुष भाई,
तुम्हारा धर्म क्या है ?
उसने धर्मों की एक लंबी फेहरिश्त टांग दी
और हर धर्म एक दूसरे से कटा हुआ
नफरत से गुर्राता रहा
दूसरों की निन्दा करता हुआ अपना गीत गाता रहा ।"

अथवा

4. "अछूत तुम नहीं हो, ये गाँव वाले हैं । तुम लोग पवित्र हो । पानी पिलाओ, बहुत प्यास लगी है ।" **10**

5. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (कोई भी **दस**) **10**

(1) किस उपन्यास में रामदरश मिश्र ने अपने गुजरात काल के स्मरणों का चित्रण किया है ?

(अ) पानी के प्राचीर (ब) जल टूटता हुआ

(क) अपने लोग (ड) खालीघर

(2) रामदरश मिश्र का जन्म कब हुआ था ?

(अ) 1924 (ब) 1930

(क) 1932 (ड) 1950

(3) रामदरश मिश्र ने अहमदाबाद के किस कॉलेज में अध्यापन का कार्य किया ?

(अ) गुजरात कॉलेज (ब) सेन्ट जेवियर्स

(क) सहजानन्द कॉलेज (ड) विवेकानंद कॉलेज

(4) रामदरश मिश्र की माता का नाम क्या था ?

(अ) गीतादेवी (ब) कंवलपाती

(क) नंवलपाती (ड) सीतादेवी

(5) रामदरश मिश्र का पहला गीत संग्रह 'पथ के गीत' कब प्रकाशित हुआ ?

(अ) 1950 (ब) 1952

(क) 1961 (ड) 1951

(6) कौन सी रचना रामदरश मिश्रजी की नहीं है ?

(अ) अपने लोग (ब) पानी के प्राचीर

(क) जल टूटता हुआ (ड) झूठा सच

(7) रामदरश मिश्र के पिता का नाम क्या था ?

(अ) जयेन्द्र मिश्र (ब) अशोक मिश्र

(क) रामचन्द्र मिश्र (ड) नरेन्द्र मिश्र

(8) 'जयराम' किस कहानी का मुख्य पात्र है ?

(अ) खालीघर (ब) कफ़न

(क) वसंत का एक दिन (ड) वे दिन

(9) "ये चिट्ठियाँ, शायद मेरे ही नाम लिखी थीं" यह पंक्ति किस कविता की है ?

(अ) धर्म (ब) औरत

(क) बेरंग बेनाम चिट्ठियाँ (ड) राजधानी एक्सप्रेस

(10) रामदरश मिश्र की किस कहानी में छुआ-छूत के भेदभाव का जिक्र हुआ है ?

(अ) वसंत का एक दिन (ब) खालीघर

(क) पानी के प्राचीर (ड) माँ, सन्नाटा और बजता हुआ रेडियो

(11) 'खालीघर' कहानी का प्रकाशन वर्ष कौन सा है ?

(अ) 1940 (ब) 1938

(क) 1936 (ड) 1934

(12) रामदरश मिश्र को 2025 में कौन सा पुस्कार मिला ?

(अ) पद्‌म विभूषण (ब) पद्‌म श्री

(क) नोबल (ड) साहित्य रत्न

Seat No. : _______________

NJ-121

November-2025

B.A., Sem.-V

DSC-M-355 B : Hindi

(As per NEP 2020)

(हिन्दी नाटक और एकांकी)

Time : 2:00 Hours] **[Max. Marks : 50**

1. हिन्दी नाटक के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

1. हिन्दी एकांकी की विकास-यात्रा को सविस्तार समझाइए । **10**

2. भारतेन्दु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

2. 'भारत दुर्दशा' नाटक की तात्विक समीक्षा कीजिए । **10**

3. शेठ गोविंददास रचित 'शिवाजी का सच्चा स्वरूप' कृति का विस्तार से परिचय दीजिए । **10**

अथवा

3. 'अधिकार के रक्षक' एकांकी की कथावस्तु लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **10**

4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **10**

   रोवहु सब मिलिकै आवहु भारत भाई ।
   हा हा भारतदुर्दशा न देखी जाई ।। ध्रुव ।।
   सबके पहिले जेहि ईश्वर धन बल दीनो ।।
   सबके पहिले जेहि सभ्य विधाता कीनो ।।
   सबके पहिले जो रूप-रंग रस-भीनो ।
   सबके पहिले विध्याफल जिन गहि लीनो ।।
   अब सबके पीछे सोई परत लखाई ।।

अथवा

4. 'अब मुझे कहने दीजिए बाबूजी ये जो महाशय मेरे खरीदार बनकर आये हैं, इनसे जरा पूछिए – क्या लड़कियों के दिल नहीं होते ? क्या उनको चोट नहीं लगती ? क्या वे बेबस भेंड़-बकरियाँ हैं, जिन्हें कसाई देख-भाल कर खरीदता है ।' **10**

5. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (किन्हीं **दस**) **10**

(1) भारतेन्दुजी का जन्म कब हुआ था ?

(अ) 1825 (ब) 1947

(क) 1850 (ड) 1950

(2) हिन्दी का प्रथम मौलिक नाटक किसे माना जाता है ?

(अ) नहुष (ब) अजातशत्रु

(क) भारत दुर्दशा (ड) संग्राम

(3) 'भारत दुर्दशा' नाटक का प्रकाशन वर्ष कौन सा है ?

(अ) 1885 (ब) 1870

(क) 1893 (ड) 1880

(4) निम्न में से कौन सी रचना जगदीशचंद्र माथुर की नहीं है ?

(अ) जल टूटता हुआ (ब) रीढ़ की हड्डी

(क) कोणार्क (ड) पहला राजा

(5) उमा किस एकांकी का पात्र है ?

(अ) अधिकार का रक्षक (ब) शिवाजी का सच्चा स्वरूप

(क) रीढ़ की हड्डी (ड) स्ट्राइक

(6) इनमें से उपेन्द्रनाथ अश्क का एकांकी संग्रह कौन सा है ?

(अ) स्ट्राइक (ब) नया पुराना

(क) नवरस (ड) भोर का तारा

(7) इनमें से शेठ गोविंददास की रचना कौन सी है ?

(अ) गबन (ब) अर्ध कथानक

(क) स्पर्धा (ड) आवारा मसीहा

(8) श्रीमती सरला देवी किस एकांकी की पात्र हैं ?

(अ) अधिकार का रक्षक (ब) शिवाजी का सच्चा स्वरूप

(क) रीढ़ की हड्डी (ड) स्ट्राइक

(9) मोरोपंत किस एकांकी का पात्र है ?

(अ) अधिकार का रक्षक (ब) शिवाजी का सच्चा स्वरूप

(क) रीढ़ की हड्डी (ड) स्ट्राइक

(10) शेठ गोविंददास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(अ) राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश

(क) उत्तरप्रदेश (ड) गुजरात

(11) हिन्दी की प्रथम एकांकी कौन सी है ?

(अ) एक घूँट (ब) स्ट्राइक

(क) नया पुराना (ड) रिमझिम

(12) रूपक के कितने भेद हैं ?

(अ) 14 (ब) 12

(क) 10 (ड) 8